हड़प्पा, मोहनजोदड़ो, चन्हुदड़ो, लोथल और कालीबंगा की मुख्य विशेषताएं

भाग-4

डॉ विभूति भूषण
सहायक प्राध्यापक (अतिथि)

SNSRKS, कॉलेज सहरसा

चन्हुदड़ो की विशेषताएं

- हड़प्पा सभ्यता का यह पुरास्थल मोहनजोदड़ो से 80 मील दक्षिण में स्थित है. इसकी खोज 1931 में एम जी मजमुदार ने की थी. इसका उत्खनन 1935 में मैके ने किया.
- यहाँ प्राक हड़प्पा सभ्यता (हड़प्पा से पहले की संस्कृति) के भी अवशेष मिले है. (झुकर संस्कृति).
- यह मनके सीप तथा मुद्रा बनाने का प्रमुख केंद्र था. स्पष्ट है की यहाँ के निवासी कुशल कारीगर थे.
- यहाँ से प्राप्त प्रमुख अवशेष अलंकृत हाथी खिलौना, कुत्ते का बिल्ली का पीछा करते हुए पद चिह्न, सौन्दर्य प्रसाधन आदि है. यहाँ से वक्राकार ईंटे मिली है. यहाँ किसी दुर्ग का अस्तित्व नहीं मिलता.